RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 37 | अंक : 08
हिसार | बुधवार, 10 अप्रैल, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६







# भाजपा के सत्ता संभालने से पूर्व था निराशा का माहौल, हमने व्यवस्था बदली : मनोहर लाल

## पूर्व मुख्यमंत्री ने रणजीत सिंह के समर्थन में कैमरी में किया विजय संकल्प रैली को संबोधित





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 अप्रैल :** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि हमने लगभग साढ़े नौ वर्ष के दौरान प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन करके जनता को साफ व स्वच्छ प्रशासन दिया है। इससे पहले सब कुछ पुराने ढ़र्रे पर चल रहा था और जब हमने वर्ष 2014 में सत्ता संभाली तो प्रदेश में निराशा का माहौल था।

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को निकटवर्ती गांव कैमरी में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा के शासन संभालने के बाद हमने प्रयास किया कि व्यवस्था बदलकर जनता को स्वच्छ शासन व प्रशासन दिया जाए। इससे पहले जनता में निराशा का माहौल था। जनता मान चुकी थी कि यदि हमें कोई काम करवाना है तो उस काम के हिसाब से अधिकारी या कर्मचारी को पैसे देने ही होंगे, तभी काम होगा लेकिन हमने उस धारणा को खत्म कर दिया। इससे पहले सब कुछ पुराने ढ़र्रे पर चल रहा था और जब ढ़र्रा पुराना हो जाता है तो उसे बदलना ही ठीक रहता है। उन्होंने कहा कि इससे पहले के शासनकाल में हर तरह की नौकरी के रेट तय थे, हर काम के रेट तय थे लेकिन हमने इस व्यवस्था को भी बदला। हमारे शासनकाल में 1.30 लाख बेरोजगारों को नौकरियां दी गई लेकिन कोई नहीं कह सकता कि किसी ने नौकरी के बदले पैसे लिए हैं। हमने बिना पर्ची व बिना खर्ची नौकरियां दी जबकि इससे पहले या तो किसी को अपनी जमीन बेचनी पड़ती थी या फिर घर के गहने बेचने पड़ते थे।

मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब के सिर पर हाथ रखा, हमने इसे आगे बढ़ाया। गरीबों व जरूरतमंदों के लिए अनेक योजनाएं शुरू की। हर घर में गैस सिलेंडर की कोई सोच नहीं सकता था, वो हमने किया। इसी तरह हर घर बिजली व पानी का कनेक्शन देकर जनता के लिए राहत भरा काम किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के 5800 गांव ऐसे हैं, जहां पर 24 घंटे बिजली मिल रही है। यह सब हमारी व्यवस्था व बिजली मंत्री के रूप में काम कर रहे रणजीत सिंह की मेहनत से हो पाया है। उन्होंने जनता से अपील की कि वह 25 मई को हिसार लोकसभा से पार्टी उम्मीदवार रणजीत सिंह के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करके उन्हें लोकसभा में भेजें और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान दें।

इस अवसर पर लोकसभा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि अब से पहले कई शासन आए और गए लेकिन जिक्र उसी का होता है जो खास होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसा ही कुछ खास किया, जिसकी बदौलत देश की जनता ने उन्हें दो प्रधान सत्ता सौंपी और तीसरी बार सत्ता सौंपने की तैयारी जनता ने कर रखी है। उन्होंने जनता से समर्थन मांगते हुए कहा कि वे हर समय सेवा में तत्पर रहेंगे।

रैली के संयोजक एवं डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने इस अवसर पर कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों की बदौलत जनता तीसरी बार भाजपा को सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार की जीत में नलवा हलका अपनी प्रमुख भूमिका निभाएगा।

भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि रैली में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, पूर्व सांसद डॉ. डीपी वत्स, विधायक विनोद भ्याणा ने भी अपने विचार रखे। रैली में उपरोक्त के अलावा प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया, जिला अध्यक्ष डॉ.आशा खेदड़, प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, रवि सैनी, सोनू डाटा, ईश्वर मालवाल, पूर्व डिप्टी मेयर जयबीर गुज्जर, मनदीप मलिक, सेवानिवृत आईएएस आरएस वर्मा, सेवानिवृत आईपीएस दलबीर भारती, नलवा विधानसभा के मंडल अध्यक्ष अनवेष यादव, भूपसिंह खिचड़ व बलजीत फोगाट, लक्ष्मीनारायण गुज्जर, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, अशोक मित्तल सहित अनेक पदाधिकारी व नेता उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए सैंकड़ों लोगों ने भाजपा का दामन थामा।

# राष्ट्रीय महिला आयोग ने पंजाब के तरनतारन में हुई भयावह घटना का संज्ञान लिया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 10 अप्रैल :** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने एक चौंकाने वाली घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी है, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। आयोग ने पंजाब के तरनतारन में एक अर्धनग्न महिला की बर्बरतापूर्वक परेड कराने और उसके बाद इस घृणित कृत्य को दर्शाने वाले वीडियो के वायरल होने के मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष रेखा शर्मा द्वारा जारी एक बयान में, घटना को 'घृणित' और 'अस्वीकार्य' बताते हुए स्पष्ट रूप से निंदा की गई। एनसीडब्ल्यू ने इस तरह के जघन्य कृत्यों के प्रति समाज द्वारा प्रदर्शित असंवेदनशीलता पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इस घटना के संबंध में पंजाब सरकार और पुलिस से जवाब मांगा है। यह घटना पंजाब के तरनतारन में सामने आई, जहां एक युवती के प्रेम विवाह से नाराज उसके परिवार के सदस्यों ने उसके ससुराल में धावा बोल दिया। एक हिंसक विवाद शुरू हो गया, जिसके दौरान महिला और उसके साथी पर बेरहमी से हमला किया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि जब सास ने अपनी बहू को बचाने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उसके कपड़े फाड़ दिए और उसे बालों से पकड़कर सड़क पर घसीटा, जहां उसे अर्धनग्न कर घुमाया गया। यह भयावह कृत्य वीडियो में कैद हो गया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से प्रसारित किया गया। हमले के परिणामस्वरूप पीड़ित महिला को इलाज के लिए अमृतसर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। एनसीडब्ल्यू ने पंजाब सरकार से स्थिति से निपटने के लिए अब तक उठाए गए कदमों की रूपरेखा बताने वाली स्थिति रिपोर्ट के साथ विस्तृत प्रतिक्रिया देने को कहा है। आयोग का सक्रिय हस्तक्षेप महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को बनाए रखने और लिंग आधारित हिंसा के मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस घटना ने महिलाओं के खिलाफ इस तरह के अत्याचारों से निपटने के लिए सामाजिक सुधारों और कानूनों को सख्ती से लागू करने की तत्काल आवश्यकता पर चर्चा फिर से शुरू कर दी है।

# अनिल विज ने फिल्म 'बंदिनी' (1963) का गाना 'मन की किताब से तुम मेरा नाम ही मिटा देना...' गुनगुनाया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 10 अप्रैल :** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री और अंबाला कैंट से विधायक अनिल विज इस समय सुर्खियों में बने हुए हैं। बीजेपी-जेजेपी गठबंधन सरकार के गठन के दौरान उपेक्षा और उपमुख्यमंत्री बनाए जाने से नाराज अनिल विज अब अपनी ही पार्टी के नेताओं पर निशाना साध रहे हैं।

पूर्व मंत्री ने बुधवार को चाय की चुस्की लेते हुए फिल्म 'बंदिनी' (1963) का गाना 'मन की किताब से तुम मेरा नाम ही मिटा देना...' गुनगुनाया, जो उनकी राजनीतिक परिस्थितियों को दर्शाता है। गौरतलब है कि अपने मार्मिक बोल वाले इस गाने की कई लोग राजनीतिक व्याख्या भी कर रहे हैं।

गौरतलब है कि अनिल विज ने यह कहते हुए निराशा व्यक्त की थी कि किसी ने भी उनसे बीजेपी-जेजेपी गठबंधन टूटने और नए मुख्यमंत्री के चयन जैसी महत्वपूर्ण घटनाओं पर चर्चा करने की जहमत नहीं उठाई। विज ने टिप्पणी की कि उनके कद की अनदेखी की गई है।

# सुप्रीम कोर्ट पतंजलि विज्ञापन मामले में केंद्र के जवाब से संतुष्ट नहीं, कहा- हम अंधे नहीं हैं

***पाठकपक्ष न्यूज***

***नई दिल्ली 10 अप्रैल :*** *सुप्रीम कोर्ट ने कंपनी के भ्रामक विज्ञापनों के लिए पतंजलि के संस्थापकों रामदेव और बालकृष्ण द्वारा दायर की गई एक और माफी को खारिज करते हुए आज कहा कि 'हम अंधे नहीं हैं' और वह इस मामले में 'उदार नहीं होना चाहते'। अदालत ने इतने लंबे समय तक पतंजलि के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए उत्तराखंड लाइसेंसिंग प्राधिकरण को फटकार लगाई और यह भी कहा कि वह इस मामले में केंद्र के जवाब से संतुष्ट नहीं है।अमानुल्लाह की पीठ ने कहा, 'माफी कागज पर है और उनकी पीठ दीवार के खिलाफ है। हम इसे स्वीकार करने से इनकार करते हैं, हम इसे वचन का जानबूझकर उल्लंघन मानते हैं।' वहीं कार्यवाही की शुरुआत में पीठ ने कहा कि रामदेव और बालकृष्ण ने पहले मीडिया से माफी मांगी। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा, 'जब तक मामला अदालत में नहीं आया, अवमाननाकर्ताओं ने हमें हलफनामा भेजना उचित नहीं समझा। उन्होंने इसे पहले मीडिया को भेजा, कल शाम 7.30 बजे तक यह हमारे लिए अपलोड नहीं किया गया था। वे स्पष्ट रूप से प्रचार में विश्वास करते हैं।' केंद्र ने पतंजलि आयुर्वेद और इसके संस्थापकों, योग गुरु रामदेव और उनके सहयोगी बालकृष्ण के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन मामले में अपने जवाब में सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि आयुष या एलोपैथिक चिकित्सा के तहत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाना एक व्यक्ति की पसंद है और किसी भी प्रणाली की निंदा को हतोत्साहित नहीं किया जाना चाहिए। अदालत ने उचित हलफनामा दाखिल नहीं करने के लिए रामदेव और बालकृष्ण को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि विज्ञापन कानून के दायरे में आता है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने पतंजलि द्वारा दायर माफी को इसलिए अस्वीकार किया क्योंकि कोर्ट को उनके माफीनाफे में भूल को स्वीकार करने की बजाय दिखावे का अहसास ज्यादा पाया गया। इसके बाद कोर्ट ने रामदेव और बालकृष्ण को नए हलफनामे के साथ आज कोर्ट में पेश होने को कहा था। रामदेव आज सुप्रीम कोर्ट में उपस्थित हुए।*

# जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ ने उकलाना रैली की सफलता पर मुख्यमंत्री, पदाधिकाारियों, कार्यकर्ताओं व जनता का आभार जताया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 अप्रैल :** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने उकलाना में हुई समरस विजय संकल्प रैली को सफल बताते हुए इसमें पहुंचे नेताओं व आम जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि रैली में भारी संख्या में भाग लेकर जनता ने भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह की जीत निश्चित कर दी है। डॉ. आशा खेदड़, जो उकलाना रैली की संयोजक थीं, ने कहा कि रैली में मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। वास्तव में केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने 10 वर्षों में किसानों, महिलाओं, कर्मचारियों, गरीबों व आम जनता के हित में अनेक ऐसी योजनाएं बनाई हैं, जिनका लाभ हर वर्ग उठा रहा है।






# सम्पादकीय..........

## चैत्र नवरात्रि की प्रथम पूजा शेयर बाजार हुआ गुलजार

*मंगलवार को जब देश हिंदू कैलेंडर के नए वर्ष में कदम रख रहा था, और चैत्र नवरात्रि की प्रथम पूजा में जगह-जगह देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामनाएं की जा रही थीं, लगभग उसी समय बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने उन्हें एक बड़ी खुशखबरी दी। बीएसई के तीस शेयरों वाले सेंसेक्स ने पहली बार 75 हजार की मोहक ऊंचाई को लांघा। हालांकि, बाद में वह 74,683 अंक पर आकर बंद हुआ, फिर भी निवेशकों की इस उम्मीद को आधार तो दे ही गया कि वह दिन दूर नहीं, जब सेंसेक्स एक लाख की जादुई सीमा पर खड़ा होगा। चर्चित निवेशक मार्क मोबियस की मानें, तो यह कामयाबी अगले पांच वर्ष में ही मिल सकती है और यह अस्वाभाविक आकलन भी नहीं है, क्योंकि पिछले 20 वर्षों में ही शेयर बाजार ने 70 हजार अंक की छलांग लगाई है। सुखद बात यह है कि शेयर बाजार के साथ-साथ मंगलवार को सर्राफा बाजार में भी रौनक का आलम था। सोने-चांदी जैसी धातुएं भी नई ऊंचाई को छू रही थीं। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए थे, जब रिकॉर्ड जीएसटी वसूली के आंकडे सामने आए थे। निस्संदेह, ये सारी बातें देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती के ठोस संकेत देती हैं। मगर इन आंकड़ों के बरक्स कुछ ऐसे ब्यौरे भी सामने आए हैं, जिनकी ओर नीति-नियंताओं का ध्यान खींचे जाने की जरूरत है। जिस समय हम अपने पूंजी बाजार की ऊंची उड़ान पर लहालोट हैं, लगभग उसी समय वित्तीय सेवाओं से ही जुड़ी कंपनी मोतीलाल ओसवाल ने अपने एक अध्ययन में पाया है कि भारतीय परिवारों पर कर्ज बढ़कर जीडीपी का 40 प्रतिशत हो गया है, जबकि उनकी बचत जीडीपी की करीब पांच फीसदी रह बची है। खुद आरबीआई ने पिछले साल सितंबर में भारतीय परिवारों पर बढ़ते कर्ज को लेकर आगाह किया था। वैसे, बढ़ती आर्थिक विषमता सिर्फ भारत की समस्या नहीं है, दुनिया भर के अर्थशास्त्री इसे लेकर लगातार अपनी चिंताएं जता रहे हैं। हमारी समस्या यह है कि एक बड़ी भारतीय आबादी अभी भी गरीबी रेखा के नीचे गुजर बसर कर रही है और सामाजिक सुरक्षा का अभाव इस आबादी को अतिरिक्त संवेदनशील बना देता है। बहुत ज्यादा पीछे जाने की आवश्यकता नहीं है। कोरोना-काल ने इस सामाजिक हकीकत से हमें अच्छी तरह रूबरू करा दिया है। यकीनन, सरकार ने महामारी का अपने तईं अच्छा मुकाबला किया, मगर हम इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि देश की एक विशाल आबादी को मुफ्त राशन मुहैया कराने की योजना आज तक जारी है। हमने विभिन्न लाभार्थी योजनाओं के जरिये हाशिये के लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया है, मगर कुपोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आवास जैसी सामाजिक तरक्की की विभिन्न कसौटियों पर उन्हें ऊपर लाने के लिए अभी भी काफी कोशिश करने की आवश्यकता है। निस्संदेह, जब अगली जनगणना होगी, तब हमारी सामाजिक तरक्की की मुकम्मल तस्वीर सामने आ पाएगी। इस वक्त दुनिया के निवेशक हमारी अर्थव्यवस्था को लेकर बहुत उत्साहित हैं। यदि इसका लाभ पूंजी बाजारों के आगे संस्थागत विकास को मिलता है, तो यकीनन अगले पांच साल में बीएसई के लखटकिया होने के साथ- साथ देश एक बड़े सामाजिक बदलाव का गवाह बन सकेगा, वरना अरबपतियों की तादाद में कुछ हजार नाम और जुड़ जाएंगे और करोड़ों की आबादी बुनियादी जरूरतों लायक आय के लिए संघर्ष करती मिलेगी।*

## भाविप विवेकानंद शाखा ने नव संवत 2081 पर किया हवन-यज्ञ



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 10 अप्रैल :** भारत विकास परिषद् विवेकानंद शाखा द्वारा ऋषि नगर स्थित दिव्यांग भवन में विक्रमी संवत् 2081 के उपलक्ष में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। दिव्यांग भवन में एकत्रित हुए शाखा सदस्यों ने एक दूसरे को हिन्दू नववर्ष नव संवत-2081 की बधाई दी। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति सम्पूर्ण विश्व में सुख-शांति, समृद्धि व स्वास्थ्य की मंगल कामना के लिए हवन किया गया। शाखा अध्यक्ष ऋषिराज बुडाकिया ने नव संवत की बधाई देते हुए कहा कि हिन्दू परंपरा के अनुसार चैत्र मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को नववर्ष आरंभ होता है इस बार यह 2081वां विक्रमी संवत शुरू हो रहा है। हवन-यज्ञ के साथ हम कामना करते हैं कि भारत देश व सम्पूर्ण विश्व में सुख, शांति समृद्धि हो और सभी देश आपस में शांति के साथ रहें। इस अवसर पर शाखा सचिव संजीव गोयल, कोषाध्यक्ष अजय सिंगला, महिला प्रमुख रेणु मंगल सहित शाखा के अनेक पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

## जोत जलती रहे



*-पाठकपक्ष डेस्क-*

*मां की जोत जलती रहे,*
*फूल सदा खिलते रहे,*
*बगिया हमेशा महकती रहे,*
*चिड़िया सदा चहकती रहें।*

*कोयल की कूक सुनती रहे,*
*मोर सदा नाचते रहें,*
*हवा हमेशा चलती रहे,*
*नदियां सदा बहती रहें।*

*गीत हमेशा बजते रहें,*
*पंडाल सदा सजते रहें,*
*कार्यक्रम हमेशा चलते रहें,*
*खुशियां सबको मिलती रहें।*

*बुराइयां हमसे मिटती रहें,*
*समस्याएं सदा घटती रहें,*
*धर्म-कर्म सदा चलता रहे,*
*वक्त ढंग से गुजरता रहे।*

*प्रसाद हमेशा बनता रहे,*
*लंगर सदा चलता रहें,*
*मां के जयकारे लगते रहें,*
*सबके भंडारे भरते रहें।*



*कलम सदा चलती रहे,*
*कविता हमेशा बनती रहे,*
*सबका दिल खिलता रहे,*
*मां का प्यार मिलता रहे।*

*(पुष्कर दत्त)*
*मो. 9416338524*


**डॉ. बलबीर सैनी**
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स
व गुप्त रोग विशेषज्ञ
**बलबीर हस्पताल**
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक,
बड़वाली ढाणी,
निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573


### बेदखली सूचना

मैं, सुनील पुत्र पोलूराम, निवासी सातरोड़ खुर्द, तह. व जिला हिसार, हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरा भाई सुमित मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। हम दोनों भाई कई साल से अलग-अलग रहते हैं। मैंने उसे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उससे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

-शपथकार

# जीवन और सुकून के बीच का पुल है इच्छा शक्ति

**अध्यात्म**

मजबूत मन का संकल्प और उसमें हिलोरें लेती हमारी इच्छा शक्ति सदैव हमें सफलता की ओर बढ़ाती है। महान और सफल व्यक्ति हमेशा कहते आए हैं कि इच्छा शक्ति जीवन और सुकून के बीच बना हुआ एक पुल है। तो फिर इस पुल का उपयोग हम क्यों नहीं करते? मेहनत की पगडंडी पर चलना और सफलता के राजमार्ग पर दौड़ लगाना कोई बड़ा मुश्किल काम नहीं। बस शर्त यह है कि आईना अपने सामने रखा हो। सुकरात ने हमेशा अपने शिष्यों से कहा, 'जो तुम हो वही बने रहो, किसी मुखौटे के सहारे मत रहो।' अब यह सवाल अगर अपने आप से करेंगे तो एकाएक अपनी मौलिकता पर भरोसा होने लगेगा। ऐसा लगेगा कि नियति ने बेकार ही हमें नहीं बनाया। फिर एक विश्वास की रोमांचक लहर दिनचर्या को जीवंत कर देगी।

चाणक्य मानते थे कि हम कितने भी दुबले-पतले क्यों न हों, बस इच्छा शक्ति से अद्भुत और अकल्पनीय काम कर सकते हैं। दरअसल, मानव की मानसिक ताकत अलौकिक है, जिसका हम उपयोग ही नहीं कर पाते क्योंकि हम दुविधाओं में रहते हैं। हम अनुशासन का अनुसरण नहीं करते और एक उम्र गुजर जाती है तब जाकर समझ में आता है कि जो उपलब्धि कोई और हासिल कर रहा है, वह तो हमारे हिस्से में भी थी। कमी यही रह गई कि इच्छा शक्ति को जगाया ही नहीं, संतुलन से दूर रहे। सर्वोत्तम के अधिकारी होने के बाद भी उससे वंचित रह गए। इस पछतावे से समय रहते बचा जा सकता है। एक पत्ता जब तक पेड़ की शाखा पर होता है, वह भी वृक्ष कहलाता है। उसी तरह यह इच्छा शक्ति भी जब तक है, मन से जुड़ कर हिलोरें लेती रहती है। बाज हमेशा आसमान में ऊपर उड़ान भरता है क्योंकि वहां उसकी इच्छा शक्ति उसे बदलते मौसम के मिजाज से बेफिक्र बना देती है। मनुष्य वही महान है, जो स्थिरता को छोड़कर ऊंचाई की तरफ बढ़ता है। ऊंचा उठने के लिए समर्पण चाहिए। मानव का यह प्राकृतिक स्वभाव है कि वह मेहनत से जी चुराता है। आलस्य में किसी के भी हिसाब से अपनी दिनचर्या को चलाता है, जबकि जीवन तो वही है जो भेड़चाल से अलग अपने सही रूप में विकसित होता है। कोई भी तब तक सफल नहीं है, जब तक अपने मौजूदा अस्तित्व को पहचान कर उसे तराशने में न लग जाए। यही लगन है, इसी लगन की अगन से वह ऊर्जा पैदा होती है, जो पर्वत को काटकर रास्ता बना देती है। बस किसी की नकल से बचना चाहिए क्योंकि यह नकल बहुत जल्दी ही नकारात्मक परिणाम देने लगेगी। यह अपने आप से धोखा है और इससे सच्ची प्रगति तो कभी भी हासिल नहीं हो सकती। उत्साह और उमंग हमारे जीवन को अर्थ देते हैं, हमारी काबिलियत को निखारते हैं। हम सकारात्मक ताकत को अपने भीतर आता हुआ महसूस करते हैं। किसी दिन जरा ज्यादा परिश्रम किया, तो वह दिन कितना बढ़िया लगता है। खुद पर गर्व होने लगता है और मन कहता है इसका परिणाम चाहे कुछ देर से ही मिले, मगर मानसिक सुकून ने अभी जो आनंद का झरना बहा दिया है, वह इतना खास है कि क्या कहना? हम अनमोल हैं और अनोखे-अनूठे काम भी कर ही जाएंगे। ऐसे वाक्य पूरा-पूरा दिन किसी साथी की तरह हौसला अफजाई करते रहेंगे। संकोची को नया काम, नया मार्ग समय की बर्बादी लग सकता है, लेकिन सोचिए तो सही कि आपका निरंतर उत्साह से लगे रहना आस-पास किसी और को भी इच्छा शक्ति का खूबसूरत उपहार दे सकता है।

# संवाद जीवन को संवारता है और विवाद जीवन को बिखेरता है!

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



एक समय था जब मितभाषी और मृदुभाषी होना व्यक्तित्व का बहुत अच्छा पहलू समझा जाता था, आज तो इसके विपरीत हर जगह बहुत बोलने वालों का ही बोलबाला है। कहते हैं कि एक अच्छा भाषण यदि सौ लोगों की शिकायतों को दूर कर सकता है, वही यह भी सत्य है कि समयानुकूल मौन हजार लोगों के मिथ्या आरोपों को भी निशस्त्र कर सकता है।आज जीवन में हर जगह विवाद और तकरार बढ़ गये है,एक चुप सौ सुख वाली कहावत तो लोग भूल ही गये है। महात्मा गांधी कहा करते थे कि 'मौन की आवाज कभी निष्फल हुई हो,ऐसा सुना नहीं गया' कहे हुए शब्दों के लिए तो अफसोस हो सकता है पर अनकहे शब्दों के शायद ही किसी को अफसोस हुआ हो। जब हम कम बोलते तो हमें विवादों में घसीटा तो जा सकता है, पर विवादों का केंद्र नहीं बनाया जा सकता। मिथ्या आरोपों का खंडन शब्दों से कोई करना भी चाहे तो नहीं कर सकते, हां मौन रहकर और नजर अंदाज करने पर मिथ्या आरोप अपने आप ढह जाते हैं। एक सच्चे कर्मयोगी मनुष्य का जीवन ही भाषण होता है, जो सुनाई नहीं देता, अपितु दिखाई देता है। जैसे महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बारे में कहा जाता था कि वह स्वयं नहीं बोलते, उनका बल्ला बोलता है और सबके मुंह चुप करवा देता है। निस्संदेह जीवन में संवाद का बहुत महत्व है, अच्छी तरह से वार्तालाप कर पाना, अपने आप को अभिव्यक्त कर पाना एक बहुत बड़ी कला है हमारी सारी सभ्यता और संस्कृति का विकास इससे जुड़ा है, पर इसके साथ जुड़ा जो दूसरा पहलू विवाद हैं, उससे नुकसान भी उतना ही हुआ है। भले ही स्कूलों, कालेजों में वाद विवाद प्रतियोगिताएं रखी जाती है, पर असल जिंदगी में वाद-विवाद से कुछ हासिल नहीं होता। परस्पर विवाद में हम स्वयं को बड़ा मान कर, अपने विचारों और धारणाओं को 'बस यही सही है' जो 'मैं कह रहा हूं यही सत्य है' सिद्ध करने की कोशिश में लगे रहते हैं और इस प्रक्रिया में हम अपना मंतव्य तो सही सिद्ध कर लेते हैं, पर दूसरे व्यक्ति को नीचा दिखा कर उसे खो देते हैं, इसलिए तो कहते हैं कि वाद-विवाद में कोई नहीं जीतता, सभी हारते हैं। कई बार तो हम इतने प्रभावित हो जाते हैं कि अपने सिद्धांतों को भी छोड़ देते हैं। एक बार एक पादरी और एक नास्तिक में एक घंटे से ज्यादा वाद विवाद चला। पादरी यह सिद्ध करने में लगा रहा कि भगवान है, और उसकी असीम कृपा बरस रही है और नास्तिक यह कहने पर तुला रहा कि भगवान नहीं है, कहीं कोई भगवान नहीं होता। दोनों ने इतनी जोर दार दलीलें दी कि परिणाम यह निकला कि पादरी नास्तिक बनने को राज़ी हो गया और नास्तिक पादरी का पद निभाने का मन बना बैठा। इस प्रकार दोनों ने अपने अपने सिद्धांत छोड़ दिए।

**-डॉ. कमलेश कली**

# कटला रामलीला की नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा अग्रसेन भवन में शुरू, 17 अप्रैल को निकलेगी भव्य रामनवमी शोभा यात्रा

### आधुनिक दौर में साधन बहुत लेकिन साधना नहीं, इसलिए प्राणी दुखी : डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 10 अप्रैल :** श्री रामलीला कमेटी कटला के 127वें रामनवमी महोत्सव में गुरुधाम-जटारीधाम के कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने नौ दिवसीय श्रीराम कथा का प्रारंभ विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से किया। उन्होंने सत्संग का महत्व स्पष्ट करते हुए कहा कि सत्संग के माध्यम से संतों से मिलन होता है और रूप व मन में परिवर्तन हो जाता है। उन्होंने कहा कि सत्संग पारसमणि के समान है और सत्संग से कल्याण होता है।

डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने कहा कि विद्यालय में पढ़कर ज्ञान मिलता है लेकिन सही मायने में विवेक सत्संग से मिलता है। इसलिए सत्संग में अवश्य जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्संग रूपी गंगा में स्नान करने से दुष्ट भी सुधर जाते हैं। उन्होंने कहा कि संग करना है संतों का करो बुराई से हमेशा बचे रहोगे। उन्होंने समझाया कि आज के आधुनिक दौर में साधन बहुत हैं लेकिन साधना नहीं है। इसलिए आज का प्राणी दुखी है।

श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया, महासचिव राजेश बंसल व कोषाध्यक्ष रमेश लोहिया ने संयुक्त रूप से बताया कि श्रीराम कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने वंदना प्रकरण, शिव चरित्र व भारद्वाज- याज्ञवल्क्य संवाद से साक्षात्कार करवाया। इस अवसर पर बाढड़ा की विधायक नैना चौटाला मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रही। इस दौरान डॉ. ललिता राजवंशी, देव कुमार गर्ग, मनोज अग्रवाल, धर्मपाल मित्तल, प्रमोद गर्ग, प्रेम कश्यप, दिनेश डाबड़ा, राजेंद्र मित्तल, वीरभान बंसल, सतीश बंसल, रामनिवास परसा, मुकुल मित्तल व इंद्र रावलवासिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही सुशील गोयल प्लाईवाले, प्रमोद जैन, ऋषिकेश गर्ग, पुरुषोत्तम सिंगला, मोतीराम कंसल, पुरुषोत्तम तायल, डॉ. प्रमोद तायल, डॉ. सुभाष शर्मा व देवकुमार गर्ग भी मौजूद रहे।

उन्होंने बताया कि नौ दिवसीय रामनवमी महोत्सव के दौरान 16 अप्रैल तक हर रोज दोपहर 3.15 बजे से सायं 7 बजे तक ब्रजवासी डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी संगीतमय पावन श्रीराम कथा करेंगे। 17 अप्रैल को प्रातः 9.15 बजे अग्रसेन भवन से भव्य रामनवमी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा महाराजा अग्रसेन भवन से चलकर मुख्य बाजारों से होते हुए वापस अग्रसेन भवन पहुंचेगी। इसके उपरांत दोपहर 12.15 बजे से श्रद्धालुओं के लिए अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 11 अप्रैल को विश्वामित्र यज्ञ रक्षा, अहिल्या उद्धार, धनुष यज्ञ व श्रीराम-जानकी विवाह प्रसंग रहेगा और 12 अप्रैल को श्रीराम वनवास व दशरथ जी को शोक प्रसंग रहेगा।

श्रीराम कथा के दौरान श्री रामलीला कमेटी कटला के उपप्रधान कुलप्रकाश गोयल बंटी एवं कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र बंसल (नेताजी), रामनिवास गर्ग, दिनेश जैन, राधेश्याम अग्रवाल, प्रवीण बंसल व मंजुल गोयल उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी कटला के सभी कॉलेजियम हेड, सदस्यगण भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## सुण मौल्लड़ की



अदालत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को ठीक बताया।

**आग बिना धुंआ कोणी उठै।**

## कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** अनुभवी लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार में विस्तार संभव है। व्यक्तिगत संबंध मधुर होंगे।
**वृषभ :** लोगों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न होंगे। विरोधियों से सर्तक रहे। भगवान हनुमान जी की पूजा करे।
**मिथुन :** प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी। अपनो से उपहार प्राप्त होंगे। मौज मस्ती में समय व्यतीत होगा।
**कर्क :** सामाजिक कार्यों में रूचि बढेगी। पिता के साथ संबंध मजबूज होंगे। घर में शांति व आनंद का वातावरण बना रहेगा।
**सिंह :** पूर्व में किए शुभ कर्मों का फल मिलेगा। नए संपर्क लाभकारी रहेंगे। ईश्वर के प्रति आस्था बढेगी।
**कन्या :** असामाजिक तत्वों से दूरी बनाए रखे। जोखिम लेने से बचे। अपनों के व्यवहार से खिन्नता बढेगी। भगवान कृष्ण जी की पूजा करे।
**तुला :** व्यापरिक साझेंदारी से लाभ मिलेगा। परिार का साथ खुशी देगा। व्यक्तित्व आकर्षक बना रहेगा।
**वृश्चिक :** उधार के लेन देन से बचे। स्वास्थय का ध्यान रखे। अत्यधिक क्रोध न करे। भगवान शिव की पूजा करे।
**धनु :** ज्ञान में वृद्धि होगी। संतान के भाग्योदय से प्रसन्नता मिलेगी। भविष्य को लेकर योजना बनाएंगे।
**मकर :** मन में किसी बात को लेकर भय बना रहेगा। माता के स्वास्थय का ध्यान रखे। आत्मविश्वास में कमी आएगी। दुर्गा माता की पूजा करे।
**कुंभ :** कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। छोटे भाई-बहनों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम प्रंजगों में सफलता मिलेगी।
**मीन :** भौतिक सुख सुविधा पर खर्च संभव है। बातची में नरमी बरते। धीमी शुरूआ के बावजूद अच्छा लाभ मिलेगा।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

## कर्म का मर्म

# आना-जाना तो प्रकृति का नियम है

ब्राह्मणों ने नंद को समझाया की आना-जाना तो प्रकृति का नियम है। जो आया है वह एक दिन तो जरूर जाएगा। मनुष्यों को इस मोह-माया के बंधन में नहीं फंसना चाहिें ए। तब ब्राह्मणों ने कहा कि नंद हमें तुम्हें ऐसा दिव्य ज्ञान प्रदान करेंगे जिससे की तुम प्रभु भक्ति को सहज ही प्राप्त कर सकोगे। यह कहकर उन्होंने नंद को दिव्य ज्ञान प्रदान किया जिसे स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अपनी प्राप्ति का मुख्य उपाय बताया है। इस ज्ञान से नंद के मन में दिव्य प्रकाश फैल गया। ब्राह्मणों के जाते ही नंद अपनी माता के पास रहकर प्रभु का स्मरण करने लगे। कथा के अनुसार एक दिन सांप के डसने से नंद की माता की मृत्यु हो गई। तब वह अपना घर-बार छोड़कर वन में चला गया और वहां भगवान श्रीकृष्ण के चरण कमलों का ध्यान करने बैठ गया। उन्होंने अत्यंत कठोर तपस्या की। उसके तप के प्रभाव से भगवान कृष्ण प्रसन्न हुए और उन्होंने नंद को साक्षात् दर्शन दिए। उनके मनोहारी स्वरूप को देखते ही नंद आत्मविभोर हो उठा। उसी समय एक भविष्यवाणी हुई 'वत्स, तुम्हारा मन पवित्र और निष्पाप है, इसलिए तुम्हें मेरे दिव्य दर्शन प्राप्त हुए हैं। तुम्हारे मन में मुझे प्राप्त करने की जो दृढ़ इच्छा है, उसके फलस्वरूप अगले जन्म में तुम्हें मेरा प्रिय भक्त होने का गौरव प्राप्त होगा। अपनी भक्ति के कारण जगत में तुम सदा के लिए अमर हो जाओगे।'



भविष्यवाणी को सुनते ही नंद भगवान विष्णु की उपासना करने लगे और प्रभु की नाम जपते-जपते वह पृथ्वी पर विचरण करने लगे। सृष्टि के अंत में ब्रह्माजी और सारी सृष्टि के साथ वह भी भगवान विष्णु में विलीन हो गए। हजारों युग बीतने के बाद भगवान विष्णु के नाभि-कमल से ब्रह्माजी उत्पन्न हुए और सृष्टि की इच्छा से उन्होंने मरीचि, दक्ष आदि मानस पुत्रों की उत्पत्ति की। भगवान श्रीविष्णु के वरदान से नंद ब्रह्माजी के मानस पुत्र देवर्षि नारद के रूप में उत्पन्न हुए। उनके मन में भगवान विष्णु के प्रति असीम आस्था थी, तो वह वीणा लेकर समस्त लोकों में उनकी लीलाओं का गान करने लगे। मान्यता है तभी से वह भगवान विष्णु के परम प्रिय भक्त के रूप में प्रसिद्ध हुए।




# पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने में लाभदायक होगी जई की नई किस्म : कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज

## अन्य उन्नत किस्मों से भी 14 प्रतिशत अधिक हरा चारा देती है एचएफओ 906



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के चारा अनुभाग ने जई की नई उन्नत किस्म एचएफओ 906 विकसित की हैं। देश के उत्तर पश्चिमी राज्यों के किसानों व पशुपालकों को जई की इस किस्म से बहुत लाभ होगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस किस्म में प्रोटीन की मात्रा व पाचनशीलता अधिक होने के कारण ये पशुओं के लिए बहुत उत्तम हैं। उन्होंने बताया कि देश में 11.24 प्रतिशत हरे व 23.4 प्रतिशत सुखे चारे की कमी है जिसके कारण पशुओं की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। चारे की अधिक गुणवत्तापूर्ण व ज्यादा पैदावार देने वाली किस्में विकसित होने से पशुपालकों को लाभ होगा व पशुओं की उत्पादकता भी बढ़ेगी। साथ ही एचएफओ 906 किस्म राष्ट्रीय स्तर की चैक किस्म कैंट एवं ओएस 6 से भी 14 प्रतिशत तक अधिक हरे चारे की पैदावार देती है। जई की एचएफओ 906 एक कटाई वाली किस्म है। उन्होंने बताया भारत सरकार के राजपत्र में केन्द्रीय बीज समिति की सिफारिश पर जई की एचएफओ 906 किस्म को देश के उत्तर-पश्चिमी जोन (हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व उतराखंड) के लिए समय पर बिजाई हेतु अनुमोदित की गई हैं।

कुलपति ने कहा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई फसलों की किस्मों का न केवल हरियाणा अपितु देश के अन्य राज्यों के किसानों को भी लाभ हो रहा है। हकृवि द्वारा विकसित किस्मों की मांग अन्य प्रदेशों में भी लगातार बढ़ती जा रही है। यह हकृवि के साथ हरियाणा राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए चारा अनुभाग के वैज्ञानिकों को बधाई दी और भविष्य में भी अपने प्रयास जारी रखने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग के अध्यक्ष डॉ. गजराज सिंह दहिया, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य एवं एसवीसी कपिल अरोड़ा भी उपस्थित रहे।

### उत्तर-पश्चिमी राज्यों के लिए विकसित जई की नई किस्म की विशेषताएं

विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. पाहुजा ने जई की नई किस्म की विशेषता का उल्लेख करते हुए बताया कि एचएफओ 906 किस्म की हरे चारे की औसत पैदावार 655.1 क्विंटल व सूखे चारे की औसत पैदावार 124.4 क्विंटल प्रति हैक्टेयर है। इसकी बीज की औसत पैदावार 27.4 क्विंटल प्रति हैक्टेयर है जबकि क्रूड प्रोटीन की पैदावार 11.4 क्विंटल प्रति हैक्टेयर है। इस किस्म के चारे में प्रोटीन की मात्रा 10 प्रतिशत है जिसके कारण इसके चारे की गुणवत्ता पशुओं के लिए अधिक लाभदायक है।

### एचएफओ 906 किस्म को विकसित करने में इन वैज्ञानिकों का रहा योगदान

इस किस्म को विकसित करने में चारा अनुभाग के वैज्ञानिकों डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. डी.एस. फोगाट, डॉ. सत्यवान आर्य, डॉ. रवीश पंचटा, डॉ. एस.के. पाहुजा, डॉ. सतपाल एवं डॉ. नीरज खरोड़ का योगदान रहा है।

# लायंस क्लब हिसार ए फिरोजा ने फ्री दिमागी रोग एवं नशा मुक्ति कैंप लगाया

## 79 लोगों ने चेकअप कराया, टेस्ट व दवाइयां भी दी





-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल :** लायंस क्लब हिसार ए फिरोजा द्वारा डाबड़ा चौक के निकट स्थित परिवर्तन अस्पताल में दिमागी रोग, सेक्स रोग एवं नशा मुक्ति का निःशुल्क कैंप लगाया गया। कैम्प में 79 लोगों की जांच व टेस्ट करके यथासंभव दवाइयां दी गई। यह जानकारी देते हुए क्लब के प्रधान लायन मुनीष देव ने बताया कि कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में आये लायंस इंटरनेशनल के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अशोक मदान ने किया। डॉ. करनजीत सिंह व उनकी टीम ने सभी रोगियों की जांच की व उनके टेस्ट करके उचित परामर्श भी दिया। लायन अशोक मदान ने इस मौके पर कहा कि लायंस क्लब समय-समय पर विभिन्न बीमारियों के निःशुल्क मेडिकल कैम्प व अन्य सेवा कार्य करते रहते हैं। रीजन चेयरमैन लायन राजेश बहार व को. चेयरमैन एडवोकेट लायन मुकेश बजाज ने कैंप के आयोजन में भरपूर सहयोग दिया। अन्य लायन बंधुओं ने भी अपनी ड्यूटी को बखूबी निभाया। इस अवसर पर प्रधान लायन मुनीष देव के अलावा लायन पवन सरदाना, सरपरस्त लायन एच. आर. नारंग, लायन सुरेंद्र बजाज, लायन प्रवीण नारंग, लायन राकेश ठकराल, पूर्व प्रधान लायन सुरेंद्र छिन्दा, सचिव लायन रविंद्र सचदेवा, लायन महेश चौधरी, लायन सुनील कक्कड़, लायन दुनीचंद गोयल, पूर्व प्रधान लायन बी.सी. गोयल, लायन अशवनी नारंग, लायन अशोक नागपाल, लायन अशोक मेहता, लायन डॉ. मुनीष जुनेजा, लायन हरीश छाबड़ा व अन्य लायन सदस्य उपस्थित रहे।

# मतदाताओं के लिए कारगर साबित हो रहा 1950 हेल्पलाइन नंबर, अभी तक आई 111 पंजीकृत कॉल्स का निर्धारित समय पर हुआ समाधान

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल :** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने कहा कि जिला मुख्यालय पर वोट संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान इस हेल्पलाइन के जरिए किया जा रहा है। अब तक वोटर हेल्पलाइन 1950 पर 111 कॉल्स पंजीकृत की गई ,जिनका समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। वोट बनवाने संबंधित किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए, इसके लिए वोटर हेल्पलाइन 1950 शुरू की गई है, जिसका आमजन द्वारा पूरा लाभ उठाया जा रहा हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अधिकांश शिकायतें वोट बनवाने संबंधी रही हैं, जिन्हें वोट बनवाने संबंधी जानकारी देते हुए मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस हेल्पलाइन नंबर के जरिए कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने, नाम हटाने या जुड़वाने, किसी भी प्रकार के संशोधन कराने, मतदाता फोटो पहचान पत्र और निर्वाचन से संबंधित जानकारी के लिए कॉल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार स्वीप टीमें लगातार वोटरों को जागरूक कर रही है। मतदाताओं को प्रेरित करने और चुनाव आयोग के माध्यम से संचालित किए जा रहे विभिन्न एप की जानकारी भी आमजन को प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल 2024 तक जिस भी युवा नागरिक की आयु 18 वर्ष हो चुकी है, वे आगामी 26 अप्रैल तक ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से अपना वोट बनवाकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि वोट के लिए पात्र व्यक्ति निर्वाचन आयोग की वेबसाइट एनवीएसपी डॉट इन तथा वोटर्स डाट ईसीआई डाट जीओवी डाट इन,वोटर हेल्पलाइन एप, सीएससी सेंटर और बीएलओ के माध्यम से वोट बनाए जा सकते हैं।

# टर्निंग 18 व यू आर द वन अभियान से मतदान बढाने के लिए जिला प्रशासन कर रहा है लगातार प्रयास

## कहा, हर एक नया मतदाता 25 मई को पोलिंग बूथ पर जाकर वोट अवश्य करे

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल :** भारत निर्वाचन आयोग ने युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने और अपना वोट बनवाने के लिए टर्निंग 18 और यू आर द वन जैसे अनूठे अभियानों के माध्यम से आमजन को जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। मतदाताओं की जागरूकता के लिए निर्वाचन आयोग इस बार फील्ड में ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी पूर्णतया सक्रिय है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने कहा कि निर्वाचन आयोग का इस बार मतदान के लिए नवमतदाताओं को आकर्षित करने पर पूरा जोर है। जो युवा 18 से तीस साल की आयु के हैं, उनके लिए आयोग ने मतदान करने पर यू आर द वन के नाम से नया स्लोगन दिया है। ये युवा अपने मत का प्रयोग कर उंगली पर लगे स्याही के निशान सहित सोशल मीडिया में फोटो अपलोड कर सकते हैं। जिले में भी प्रशासन की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं कि पहली बार मतदाता सूची में शामिल हुए युवा बूथ पर जाकर अपना वोट डालकर आएं और लोकतंत्र के पावन यज्ञ में अपनी आहुति अर्पित करें। उन्होंने कहा कि 18 साल के युवा अब अपनी नई भूमिका निभाते हुए जिम्मेदारी के साथ वोट करें और अपने मनपंसद जनप्रतिनिधि को चुनें। प्रशासन का प्रयास है कि जिन युवाओं के नए वोट बने हैं, वे सभी 25 मई को पोलिंग बूथ पर जाकर वोट जरूर करें, जिससे कि उन्हें अपनी नई जिम्मेदारी का अहसास हो सके। चुनाव का पर्व-देश का गर्व की थीम पर निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम तैयार किया है।

# जीजेयू में भारतीय नव वर्ष विक्रमी संवत 2081 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उपलक्ष्य पर हवन यज्ञ का आयोजन



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल :** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार में मंगलवार को भारतीय नव वर्ष विक्रमी संवत 2081 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उपलक्ष्य पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कुलपति कार्यालय एवं प्रशासनिक भवन के बीच उद्यान में हुए इस हवन यज्ञ में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। यज्ञ की अध्यक्षता आचार्य देवदत्त ने की। मानविकी और सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. मनोज दयाल यज्ञ के यजमान के रूप सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रो. विनोद छोकर ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय नव वर्ष वैदिक तथा सनातन परंपरा में विशेष महत्व रखता है। इस दिन से भारत के अनेक महान प्राचीन घटनाएं जुड़ी हैं। उन्होंने हवन यज्ञ में विश्वविद्यालय परिवार के लिए शांति, समृद्धि तथा अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना भी की। आचार्य देवदत्त ने बताया कि इस दिन भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ था। महाराज युद्धिष्ठर का राज्यभिषेक भी इसी दिन हुआ था। उन्होंने इस दिन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा कहा कि हर भारतीय को इसी दिन नव वर्ष मनाना चाहिए। यह सिर्फ नववर्ष का आरंभ नही बल्कि मानव की उत्पति दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। देवेन्द्र राणा ने मंच संचालन में मुख्य भूमिका निभाई और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। जनसंचार विभाग से शिक्षिका डॉ कुसुम लता ने अपने पति प्रवीण के साथ युगल यजमान के रूप में यज्ञ में आहुति दी। इस अवसर पर चीफ वार्डन प्रो ओपी सांगवान, निदेशक टीपी सैल डा. प्रताप सिंह, शिक्षक संघ प्रधान सोम दत्त, गैर शिक्षक सचिव संदीप, डॉ सुनैना, नवीन, विजय आदि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के प्रिटिंग विभाग में इस उपलक्ष्य पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।

# अम्बे मां-अम्बे मां, मेरी विनती सुनो.. ..

## हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान का वार्षिक महोत्सव सम्पन्न



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल :** हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान, ऋषि नगर के 68वें वार्षिक महोत्सव एवं नव वर्ष विक्रमी सम्वत्सर पर्व के अंतिम दिन प्रातःकाल हवन यज्ञ किया गया। हवन में मंदिर सभा के सदस्यों के अलावा उपस्थित लोगों ने आहुतियां दीं। हवन उपरांत ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद आयोजित सत्संग सभा में बोलते हुए महामंडलेश्वर संत शिरोमणि बालयोगिनी साध्वी करुणागिरी महाराज, हरिद्वार वालों ने कहा कि बड़ी खुशी का दिन है कि आज से हिंदू नव वर्ष का शुभारंभ हो रहा है और आज से ही माता रानी के नवरात्रे शुरु हो रहे हैं। ऐसे में मंदिर का वार्षिक महोत्सव सोने पे सुहागे जैसा है। उन्होंने नव वर्ष व नवरात्रों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सच्चे मन से की गई आराधना कभी बेकार नहीं जाती। इस पर्व को देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग तरह से मनाया जाता है। साथ ही इसे अलग-अलग नामों से भी जाना जाता है। कुछ लोग इसे दुर्गा पूजा के रुप में जानते हैं, तो कुछ काली पूजा के रुप में मनाते हैं। इस दौरान माता रानी के नौ रुपों की पूजा की जाती है। नवरात्र का शाब्दिक अर्थ है 'नौ रातें।' इन नौ रातों की गिनती अमावस्या के अगले दिन से की जाती है। देवी पूजन का यह विशेष समय होता है। इन दिनों में जो भक्त माता रानी की सच्चे मन से पूजा-अर्चना करता है, उसे धन-धान्य की कभी नहीं रहती। उन्होंने अम्बे मां-अम्बे मां, मेरी विनती सुनो.. .. भजन गाकर श्रद्धालुओं को झूमने के लिये मजबूर कर दिया। संस्था के महासचिव टीनू आहूजा ने बताया कि आज की सत्संग सभा में पूर्व मेयर गौतम सरदाना, मंदिर सभा के प्रधान राजकुमार सेतिया, महासचिव सुभाष टीनू आहूजा, अशोक ग्रोवर, प्रवीण पोपली, विकास ठकराल, एडवोकेट रवि मेहता, मनोज नागपाल, जगदीश गांधी, जवाहर गांधी, जगन्नाथ कथूरिया, विशाल, बिट्टू तनेजा, यादव असीजा, शुभम वलेचा, एडवोकेट जगदीश गांधी, भीमसेन नारंग, बंसीलाल कटारिया, डॉ. अमर ठकराल, पार्थ चोपड़ा आदि सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।






# ओ.एस.जी.यू के 60 विद्यार्थियों ने जयपुर की आईटी कंपनी में दिया इंटरव्यू



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल :** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय में मंगलवार को टीसीबी इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड जयपुर द्वारा बीसीए द्वितीय वर्ष और अंतिम वर्ष के विद्यार्थियो का चयन करने के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का अयोजन किया गया। इस प्रोग्राम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोज़गार उपलब्ध करवाना था। इस खास अवसर पर विश्विद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और मेहनत और लग्न से काम करते हुए हमेशा जिंदगी में आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया की ओ.एस.जी.यू इस प्रकार के कार्यक्रमों का हिस्सा बनता रहता है और ऐसे कार्यक्रम भी अयोजित करवाता है जिससे विद्यार्थियो के ज्ञान में इज़ाफा होता है। इस प्रोग्राम में टीसीबी इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर ऋषभ गुप्ता भी मौजूद रहे, उन्होंने विद्यार्थियो को अपनी आईटी कंपनी की सम्पूर्ण जानकारी सांझा की और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। विश्विद्यालय के कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक और प्रति-कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर ने टीसीबी इन्फोटेक कंपनी से आए हुए अतिथियों को प्लांट्स देकर सम्मानित। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के इंचार्ज डॉ. अमित नांदल ने बताया की इस प्रोग्राम के दौरान लगभग 60 विद्यार्थियो ने इस प्रतिस्पर्धा में इंटरव्यू दिया। आए हुए अतिथियों ने विश्विद्यालय कैंपस और विश्विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। डायरेक्टर ऋषभ गुप्ता ने कहा की विश्विद्यालय का वातावरण काफी शांत है जो विद्यार्थियो को पढ़ाई करने में मदद करता है। इस प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग और इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी विभाग ने अपना अहम योगदान दिया।

# तलवंडी राणा रोड की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीणों ने भाजपा उम्मीदवार रणजीत चौटाला को रोककर 3 कि.मी. का बकाया रोड दिलवाने की मांग की

**मंत्री ने आचार संहिता का हवाला देकर चुनाव के बाद रोड बनवाने की बात कही, ग्रामीण बोले आचार संहिता में मंत्री मंडल का गठन हुआ तो रोड भी दिया जा सकता है**

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल :** चंडीगढ़ बाई पास पर पिछले 427 दिनों से धरना दे रहे तलवंडी राणा व आस पास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने गत दिवस उकलाना रैली में जा रहे हिसार लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार रणजीत चौटाला को रोककर उनके समक्ष 3 कि.मी. का बकाया रोड देने की मांग उठाई। तलवंडी राणा रोड संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ओ.पी. कोहली ने रणजीत सिंह चौटाला को रोड संबंधी पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने ग्रामीणों को 2.2 कि.मी. को रोड तो दे दिया है लेकिन उसे पुराने रोड से जोड़ दिया है जो कि एयरपोर्ट की एक्वायर जमीन में है। कुछ दिन बाद ही उस रोड को भी उखाड़ दिया जाएगा। ग्रामीण सरकार से हिसार एयरपोर्ट की बाहरी दीवार से राणा माइनर व धांसू गैस प्लांट तक 3 कि.मी. का सड़क मार्ग दिए जाने की मांग लंबे समय से कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा और इस रोड पर पड़ने वाले गांव उजड़ने से बच जाएंगे।

उन्होंने बताया कि यह रोड बंद हो जाने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने 14 महीने से गांव में से गुजरते हुए किसी बस व ऑटो का मुंह नहीं देखा है जबकि यह रोड पहले 24 घंटे गुलजार रहता था और 24 घंटे यातायात का आवागमन रोड पर बना रहता था। तलवंडी राणा रोड बंद हो जाने से सबसे अधिक छात्र-छात्राओं की शिक्षा प्रभावित हुई है। छात्राओं को अब 5-6 कि.मी. की बजाय 23 कि.मी. का सफर तय करके अपने स्कूल कॉलेज जाना पड़ रहा है। इसके साथ ही रोजाना हिसार जाने वाले कर्मचारी, किसान, मजदूर, दूध, फल व सब्जी विक्रेताओं को भी भारी दिक्कतों का सामना करते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है। इसके अलावा उनकी जेब पर भी बोझ बढ़ गया है। इस सड़क पर पड़ने वाले अधिकतर उद्योग ठप हो चुके हैं। इसलिए हमारी आपसे मांग है कि हमें 3 कि.मी. का रोड देकर ग्रामीणों का समस्या का स्थायी समाधान करवाएं।

इस पर रणजीत चौटाला ने कहा कि आप लोगों की मांग जायज है इसे जरूर पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने आचार संहिता का हवाला देते हुए कहा कि अभी आचार संहिता के चलते रोड बनना संभव नहीं है। इस पर ग्रामीणों ने कहा कि सरकार ने मंत्री मंडल के गठन के लिए भी प्रमिशन ले ली थी तो हमारे रोड के लिए भी सरकार परमिशन लेकर जल्द से जल्द इस सड़क को पूरा करवाए। ग्रामीणों ने बताया कि जो 2.2 कि.मी. का सड़क मार्ग ग्रामीणों को बनाकर दिया गया है उसमें भी पेंच फंस गया है। डीसीएस मिल ने इस रोड में 16 कनाल भूमि खुद की बताते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। इससे लग रहा है कि यह रोड भी ग्रामीणों के हाथ नहीं आने वाला और सरकार ने केवल खानापूर्ति व औचारिकता के लिए ग्रामीणों को रोड दिया है। ग्रामीणों की मांग पर रणजीत सिंह ने ग्रामीणों को अगले दिन उनके ऑफिस में मिलने के लिए बुलाया है और इस बारे में विचार कर समाधान की बात कही। एडवोकेट कोहली ने कहा कि उनके धरने को 14 महीने से अधिक समय हो गया है और ग्रामीण आंधी, तूफान, सर्दी, गर्मी में धरने पर लगातार डटे हुए हैं।



# जस्टिस संदीप मुदगिल ने बार परिसर में नववर्ष सम्वत के उपलक्ष में हुए हवन में डाली आहुति, समाज में शांति और न्याय पर दिया जोर

**नववर्ष सम्वत के उपलक्ष्य में जिला बार एसोसिएशन प्रांगण में हुए कई कार्यक्रम, हवन के साथ नवनियुक्त न्यायिक अधिकारियों का हुआ स्वागत, अधिवक्ता परिषद ने लगाया रक्तदान व चिकित्सा शिविर और बांटे कृत्रिम अंग**

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल :** हिंदू नव वर्ष सम्वत के शुभ अवसर पर हिसार जिला बार एसोसिएशन द्वारा एक हवन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में पंजाब एवम हरियाणा हाईकोर्ट के माननीय जस्टिस श्री संदीप मुदगिल ने अधीनस्थ जिला न्यायालय हिसार के सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ विशेष रूप से शिरकत की। हवन के बाद जस्टिस संदीप मुदगिल, जिला बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट विनय विश्नोई और सचिव एडवोकेट गौरव बेनीवाल ने वकीलों को सभागार में संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिसार बार के प्रधान विनय बिश्नोई व मंच का संचालन बार के सचिव गौरव बैनीवाल द्वारा की गई। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायालय दिनेश कुमार मित्तल व अन्य न्यायिक अधिकारीगण भी मौजुद रहे। अधिवक्ता परिषद हरियाणा के सहयोग से हुए इस आयोजन को जस्टिस संदीप मुदगिल ने अपने संबोधन में नववर्ष की सबको मंगलकामनाएं दीं और समाज में शांति और न्याय के प्रसार की बात कही। जस्टिस ने सभागार में अपने विचार व्यक्त करने के साथ न्यायिक प्रणाली में सुधार के लिए अपने सुझाव भी दिए। इस हवन के माध्यम से हिसार जिला बार एसोसिएशन ने भी नव वर्ष सम्वत के नए अध्याय का स्वागत किया और सभी सदस्यों ने मिलकर आने वाले पूरे नव वर्ष सम्वत के लिए सकारात्मक ऊर्जा और उत्साहपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की।

नववर्ष संवत के उपलक्ष्य में अधिवक्ता परिषद हरियाणा और भारत विकास परिषद ने अन्य संस्थाओं का सहयोग लेकर बार रूम में रक्तदान शिविर आयोजित किया। वहीं इस दौरान कुदरत की मार झेल रहे लोगों को संस्था ने कृत्रिम अंग जस्टिस संदीप मुदगिल के हाथों वितरित किए।

जिला बार एसोसिएशन के सभागार में नवनियुक्त न्यायिक अधिकारियों का स्वागत कर उन्हे सम्मान स्वरूप पौधे भेंट किए गए। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट विनय विश्नोई, उपप्रधान एडवोकेट विनोद कसवां, सचिव एडवोकेट गौरव बेनीवाल, सहसचिव एडवोकेट प्रदीप नैन, कोषाध्यक्ष एडवोकेट दिक्षेश जाखड़ व अन्य सैंकड़ों वकील उपस्थित रहे।



# सुरेश कोहली बने कांग्रेस पार्टी के स्टेट कोऑर्डिनेटर व प्रभारी जिला सिरसा, फतेहाबाद



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल :** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (ओबीसी डिपार्टमेंट) ने सुरेश कोहली को हरियाणा प्रदेश का स्टेट कोऑर्डिनेटर व सिरसा, फतेहाबाद जिले का प्रभारी बनाया गया। सुरेश कोहली ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, श्रीमती सोनिया गांधी, श्री राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, चेयरमैन कैप्टन अजय सिंह यादवऔर पूरे शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए आभार जताया और उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे निष्ठा एवं मेहनत से संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। सुरेश कोहली को उनके चहेतों ने सोशल मीडिया के द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी जा रही है।

# वैदिक सनातन नव वर्ष पर सजग ने की राष्ट्र स्तरीय वर्चुअल बैठक, हवन का आयोजन



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल :** स्वैच्छिक सामाजिक संस्था सजग द्वारा भारतीय नव वर्ष में मानव जीवन के लिए उपयोगी वैदिक सनातन परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए कार्यक्रम में ओर गति लाने का निर्णय लिया गया। विगत दिवस वैदिक सनातन नव वर्ष पर सजग की एक राष्ट्र स्तरीय वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बोलते हुए सजग के प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल ने कहा कि चेत्र प्रतिपदा के दिन वैदिक सनातन नव वर्ष एक अरब 96 करोड़ 8 लाख 53 हजार 125वें वर्ष की शुरुआत इस बात का परिचय कराती है कि ब्रह्मांड में सृष्टि की रचना से ही यह वर्ष मनाया जाता है। नव वर्ष की बधाई देते हुए अग्रवाल ने कहा कि सभी वैदिक सनातन परंपराएं मानव जीवन के कल्याण के लिए उपयोगी परंपराएं हैं और विज्ञान सम्मत भी हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि संस्था लोगों को हैप्पीनेस देने के अपने कार्य को और गति देगी तथा पर्यावरण, मानसिक शारीरिक व आत्मिक स्वास्थ्य हेतु यज्ञ हवन के कार्यक्रम में को भी बढ़ाया जाएगा। बैठक में पंचकूला से देवेंद्र रोहिल्ला, जॉनी मित्तल, कोलकाता से पवन गोयल, बागडोगरा से राजकुमार, दिल्ली से निरंजन गुप्ता, बद्दी से सुभाष चौधरी सहित अनेक सदस्यों ने भाग लिय। बैठक से पूर्व सजग के अध्यक्ष सत्य पाल अग्रवाल ने सपत्नीक अपने आवास पर नव वर्ष के प्रथम दिवस पर वैदिक हवन भी किया।

# नवरात्रों की पावन अवसर पर हिसार रोडीस दी साइकलिंग क्लब ने 9 दिनों के लिए साइकिलिंग अभियान शुरू किया



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल :** नवरात्रों की पावन शुरुआत के साथ ही हिसार रोडीस दी साइकलिंग क्लब ने 9 दिनों के लिए साइकिलिंग अभियान शुरू किया है। इस कार्यक्रम के तहत क्लब के सदस्य रोजाना 30 से 35 किलोमीटर साइकिल चलाकर किसी एक मंदिर में जाकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इसकी शुरुआत जिंदल चौक से की गई और हिसार और आसपास के क्षेत्र में 30 से 35 किलोमीटर साइकिल चलाने के बाद नागोरी गेट पर पहुंचकर सनातन धर्म हनुमान मंदिर में भगवान से प्रार्थना की गई और माता का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। क्लब की तरफ से डॉक्टर अरुण कुमार अग्रवाल ने बताया कि 9 दिनों तक भक्ति के त्यौहार में साइकिलिंग अभियान को जोड़कर वह समाज में संदेश देना चाहते हैं कि भगवान की भक्ति के साथ-साथ शरीर को स्वस्थ रहे रखकर शरीर की भक्ति भी करनी चाहिए। क्योंकि शरीर स्वस्थ रहेगा तो ही बाकी अन्य काम हो पाएंगे। इस अभियान में डॉ अरुण कुमार अग्रवाल, मनोज गुप्ता, अंकित जैन, मनन, डॉ नीरव जैन, गौरव, तुषार गुप्ता और रमन चौधरी ने साइकलिंग करके मंदिर में जाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस 9 दिनों के अभियान में हर रोज किसी नए मंदिर में जाकर पूजार्चना की जाएगी और आशीर्वाद प्राप्त किया जाएगा।

# मार्च मास के दौरान जिले में 17 हजार 868 व्यक्तियों की हुई मलेरिया जांच

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल :** उप-सिविल सर्जन एवं मलेरिया प्रभारी डॉ सुभाष खतरेजा ने बताया कि मार्च मास के दौरान जिले में 17 हजार 868 व्यक्तियों की मलेरिया ब्लड स्लाइड बनाई गई। ब्लड स्लाइड की जांच के दौरान जिले में मलेरिया के 2 केस सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि डेंगू व मलेरिया से बचने के लिए पानी की टंकियों व हौदियों के ढक्कन हमेशा बंद रखें, टूटे-फूटे बर्तन, टायर इत्यादि खुले में न रखें, इनमें बरसात का पानी इकट्ठा रहने पर मच्छर पैदा होने का खतरा बना रहता है।

# जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में जीन्द की टीम ने हिसार को हराया

**जीन्द की टीम 2 रन से हुई विजयी, हिसार के सिद्धार्थ सांगवान रहे मैच ऑफ द मैच**

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल :** तोशाम रोड स्थित इलाईट क्रिकेट अकेडमी के मैदान में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर-14 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट करवाया जा रहा है। अकेडमी के कोच विकास ने बताया कि मैच हिसार और जींद की टीम के बीच खेला गया जिसमें जींद की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 183 रन बनाए। जवाब में हिसार की टीम 181 रन ही बना पाई। जींद ने यह मैच 2 रन से जीता। मैन ऑफ द मैच हिसार के सिद्धार्थ सांगवान ने 91 गेंद में शतक बनाया।






# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल :** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव विशाल ने बताया कि लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय-समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जा रही हैं। यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करवा सकता है। इसी कड़ी में 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले, ऊर्जा मामले, पेंशन मामले, हाउस टैक्स सहित विभिन्न प्रकार के लंबित विवादों का आपसी सहमति से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

# आर्मी पब्लिक स्कूल में ईद-उल-फितर के मौके पर विद्यार्थियों ने दिया समरसता और सद्भावना का सन्देश




-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल :** रमजान के पाक महीने में 40 दिन के पवित्र रोजों की समाप्ति पर आर्मी पब्लिक स्कूल में ईद-उल-फितर का त्योहार धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा तीन से पाँच के विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम ईद-उल-फितर के त्योहार के महत्त्व, उसको मनाने के कारणों के विषय में विस्तार से बताया। तत्पश्चात छात्रों के द्वारा एक नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें ईद-उल-फितर के त्योहार की विशेषता को प्रकट किया गया, साथ ही सेवइयों की मिठास में छिपे प्रेम और बंधुत्व की भावना को बढ़ावा देने का सुंदर संदेश भी दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉक्टर कविता जाखड़ ने विद्यार्थियों द्वारा दी गई मनमोहक प्रस्तुति की सराहना कीऔर सभी को ईद-उल-फितर की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भारत में सभी वर्गों और समुदाय के लोग रहते हैं और सभी आपस में मिलजुल कर एक-दूसरे के त्योहार की खुशियों को दुगुना करते हैं और यही हमारे देश की खूबी है। इसी प्रकार विद्यालय में भी इसी एकता, प्रेम और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी बच्चों को एक दूसरे के त्योहार के विषय में जानना चाहिए और मिलजुल कर त्योहारों की खूबसूरती को बढ़ाना चाहिए क्योंकि इस प्रकार के विविध त्योहार हमें आपस में जोड़ने व ताजगी प्रदान करने का काम करते हैं।

# जेल और पुलिस हिरासत में बंद व्यक्ति को वोट का अधिकार नहीं

## हालांकि ऐसा बंदी रहता है मतदाता, चुनाव लड़ने पर पूर्णतया प्रतिबंध नहीं : एडवोकेट हेमंत

-पाठकपक्ष न्यूज-

**चंडीगढ़, 10 अप्रैल :** गत वर्ष 2023 में सुप्रीम कोर्ट के तीन जज बेंच जिसमें भारत के मुख्य न्यायधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस पी. एस. नरसिम्हा और जस्टिस जे. बी. पारदीवाला शामिल थे, ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई एवं विचार करने से इनकार कर दिया था, जिसमें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (आर.पी. एक्ट), 1951 की मोजूदा धारा 62(5) को चुनौती दी गयी थी जिसके अनुसार जेल/कारवास में बंद कैदियों (बंदियों) और पुलिस की वैध कस्टडी (हिरासत) में भेजे गए व्यक्ति चुनाव में मतदान ही नहीं कर सकता है।

इसी बीच पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट और चुनावी विश्लेषक हेमंत कुमार ने बताया कि सर्वप्रथम जनवरी, 1983 में सुप्रीम कोर्ट के दो जज बेंच ने और उसके बाद जुलाई, 1997 में सुप्रीम कोर्ट के तीन जज बेंच ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की उपरोक्त धारा 62(5) को कानूनन वैध घोषित किया था।

बहरहाल, मौजूदा चुनाव सम्बन्धी कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुए हेमंत ने बताया कि हमारे देश में चुनावों में मतदान करने का अधिकार संवैधानिक अर्थात मौलिक अधिकार (फंडामेंटल राईट) नहीं है बल्कि कानूनी अधिकार (लीगल राइट) है जिस पर संसद द्वारा चुनावी कानून द्वारा उचित नियंत्रण लगाया जा सकता है।

वर्तमान में लागू कानूनी प्रावधानों के अनुसार न केवल वह व्यक्ति जिसे कोर्ट द्वारा किसी केस में ट्रायल (कानूनन विचारण प्रक्रिया) के बाद दोषी (अपराधी) घोषित कर कारावास (जेल) का दंड दिया गया हो बल्कि आरोपी व्यक्ति (अभियुक्त) भी जिसे कोर्ट द्वारा पुलिस कस्टडी (रिमांड) या न्यायिक हिरासत (जेल) में भेजा गया हो, उसे भी चुनावों में वोट डालने का अधिकार नहीं है। हालांकि जिन व्यक्ति को किसी उपयुक्त कानून के अंतर्गत प्रिवेंटिव डिटेंशन (निवारक निरोध / नज़रबंद) किया गया हो, उस पर वोट न डाल सकने का ऐसा कानूनी प्रतिबन्ध लागू नहीं होता है।

हेमंत ने आगे बताया कि हालांकि हर अभियुक्त व्यक्ति उन चुनावों में उम्मीदवार के तौर चुनाव लड़ सकता है चाहे उस पर कितने ही गंभीर केस में एफ.आई.आर./प्राथमिकी दर्ज हुई हो या उसके विरूद्ध कोर्ट में चार्ज-शीट सौंप दी गयी हो या बेशक कोर्ट में उसके विरूद्ध ट्रायल चल रहा हो।

मौजूदा कानूनी प्रावधानों के तहत अगर कोई व्यक्ति विचाराधीन (अभियुक्त) है और इस कारण न्यायिक हिरासत या पुलिस कस्टडी में हैं, तो उसे वोट डालने का अधिकार तो नहीं होता परन्तु वह उम्मीदवार के तौर चुनाव लड़ सकता है। हेमंत ने बताया की जुलाई, 2013 में हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2004 में पटना हाई कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले को सही ठहराते हुए यह फैसला दिया कि जब कोई व्यक्ति विचाराधीन कैदी के तौर पर जेल या पुलिस हिरासत में होने के कारण वोट देने के अधिकार से वंचित है, तो इस कारण वह चुनाव लड़ने के लिए भी अयोग्य होगा परन्तु तब केंद्र में सत्तासीन मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए-2 सरकार ने संसद द्वारा एक संशोधन कानून पास करवा उक्त सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश को पलट दिया था।

हालांकि हेमंत ने बताया कि जहाँ तक कोर्ट द्वारा दोषी घोषित किये गए व्यक्ति के चुनाव लड़ने का विषय है, तो उसके चुनाव लड़ने की योग्यता लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 पर निर्भर करती है अर्थात उसको कोर्ट द्वारा किस कानून के तहत और कितने वर्ष का दंड (जुर्माना और कारवास) दिया गया है।

मसलन अगर उस व्यक्ति को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी) एक्ट, 1988 में दोषी घोषित कर बेशक केवल जुर्माने का दंड दिया गया है, फिर भी वह छः वर्षों तक कोई चुनाव नहीं लड़ सकता है। हालांकि उपरोक्त धारा 8 में शामिल किये गए अपराधिक कानूनों के अतिरिक्त अगर किसी अन्य कानून में उस व्यक्ति को कोर्ट द्वारा दोषी घोषित कर दो वर्ष से कम अवधि की जेल की सजा होती है, तो उसके चुनाव लड़ने पर कोई कानूनी प्रतिबन्ध नहीं है।

जहाँ तक हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला और उनके बड़े पुत्र अजय सिंह चौटाला का विषय है, जिन्हे जे.बी.टी. टीचर भर्ती घोटाले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 एवं आई.पी.सी. की कुछ धाराओं के तहत दोषी घोषित करने के बाद जनवरी, 2013 से दस वर्ष की जेल की सजा दी गयी थी, जिसके बाद ओपी चौटाला जुलाई, 2021 में और अजय चौटाला फरवरी, 2022 में समयपूर्व अपनी सजा काटकर रिहा हो गए, वह दोनों क्रमशः जुलाई, 2027 एवं फरवरी, 2028 तक कोई चुनाव नहीं लड़ सकते हैं हालांकि हेमंत ने बताया कि अगर भारतीय चुनाव आयोग चाहे तो उक्त दोनों की चुनाव लड़ने की उपरोक्त अयोग्यता अवधि को कम या तत्काल प्रभाव से समाप्त भी कर सकता है।

# भाजपा सरकार ने देश की दशा व दिशा बदली, जनता में न्याय की उम्मीद बंधी : सीएम नायब सैनी

## मुख्यमंत्री ने उकलाना में रणजीत सिंह के समर्थन में समरस विजय संकल्प रैली की



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल (इकबाल सिंह उप्पल):** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने 10 वर्ष के शासनकाल में देश, प्रदेश की दशा व दिशा बदली है। जनता में न्याय में उम्मीद बंधी है, विश्व स्तर पर भारत की साख बढ़ी है और देश उन्नति के पथ पर आगे बढ़ा है। नायब सिंह सैनी मंगलवार को उकलाना अनाज मंडी में लोकसभा प्रत्याशी रणजीत सिंह के समर्थन में समरस विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली में पहुंचने पर जिला अध्यक्ष एवं रैली संयोजक डॉ. आशा खेदड़ ने मुख्यमंत्री व अन्य नेताओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने चेत्र नवरात्र व विक्रमी नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि 10 वर्ष के शासनकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास के ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा है और विश्वभर में भारत के नाम का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहां देश के विकास पर ध्यान दिया है वहीं गरीब कल्याण की दिशा में विशेष कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री की सोच का ही कमाल है कि आज देश का कोई भी गरीब व जरूरतमंद भूखा नहीं सोता। इसके लिए हर देशवासी प्रधानमंत्री का धन्यवाद करता है। उन्होंने कहा कि धारा 370 समाप्त करके प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर से आतंकवाद का खात्मा किया। आज हम गर्व से जम्मू कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराकर भारत माता की जय के नारे लगा सकते हैं जबकि कांग्रेस शासन में ऐसा संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने विकास को नई गति दी है। हिसार के राखी गढ़ी को विश्व के मानचित्र पर लाने का कार्य भाजपा सरकार ने ही किया है।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि लगभग 55 साल तक कांग्रेस ने देश को लूटा है। अब जो कांग्रेस जनता को न्याय की गारंटी देने की बात करती है, वो पहले जवाब दे कि आखिर इतने वर्षों के शासनकाल के दौरान उसे गरीबों, महिलाओं, किसानों व अन्य वर्गों की याद क्यों नहीं आई। उन्होंने कहा कि देश में फैली गरीबी व बेरोजगारी केवल कांग्रेस की देन है, जिस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने काबू पाने का प्रयास किया है। कांग्रेस केवल न्याय की बात करती है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनता को न्याय देते हैं। कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह एवं उनके पिता बिरेन्द्र सिंह पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 वर्ष पहले जिस दलदल से यह परिवार आया था, वहीं पर वापिस पहुंच गया। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि वे लोकसभा प्रत्याशी रणजीत सिंह के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करके नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान दें।

जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि रैली को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, विधायक विनोद भ्याणा, सत्यप्रकाश जरावता, पूर्व सांसद डॉ. डीपी वत्स, लोकसभा उम्मीदवार रणजीत सिंह, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल व हिसार जिला प्रभारी जवाहर सैनी सहित अन्य ने संबोधित किया और वोटों की अपील की। रैली में उपरोक्त के अलावा चेयरमैन अमरपाल राणा, प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, लोकसभा संयोजक रवि सैनी, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, विधानसभा संयोजक रामफल नैन, सीमा गैबीपुर, जिला महामंत्री अशोक सैनी व आशीष जोशी सहित हिसार लोकसभा क्षेत्र से भारी संख्या में पहुंचे पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकार के अनाज खरीद, उठान व फसल भुगतान के सभी दावे फेल : बजरंग गर्ग

## कहा-सरकार की तरफ से मंडियों में सरसों व गेहूं खरीद के लिए कोई भी पुख्ता प्रबंध नहीं है



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 10 अप्रैल :** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अपने मंडी के दौरे पर आढ़ती व किसानों की समस्या सुनने व अनाज खरीद का जायजा लेने के उपरांत कहा कि सरकार को अनाज खरीद, उठान व फसल भुगतान के सभी दावे फेल सिद्ध हुए हैं जबकि सरकार ने किसान की सरसों पूरी खरीद ना करके ज्यादति करने का काम किया है। सरकार द्वारा अनाज खरीद, उठान व भुगतान 72 घंटे में ना करने से किसान व आढ़ती में भारी नाराजगी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरसों खरीद का भुगतान 15 दिनों से सरकार ने किसानों का नहीं किया है। यहां तक की सरसों खरीद का उठान मंडियों में ना होने के कारण मंडी सरसों व गेहूं से भरी हुई है। किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए बड़ी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की गलत नीतियों से आढ़ती, किसान व मजदूर बर्बादी के कगार पर है। बजरंग गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार में आढ़ती को आढ़त व मजदूरों को पूरी मजदूरी व किसानों को फसल पूरे भाव नहीं मिल रहे हैं। जिसके कारण आढ़त व किसानों में सरकार के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है। यहां तक कि सरकार की तरफ से मंडियों में सरसों व गेहूं खरीद के लिए कोई भी पुख्ता प्रबंध तक नहीं है। अनाज मंडियों में सफाई व्यवस्था, पीने का पानी, चौकीदार व किसान भवन में किसानों के लिए कोई व्यवस्था तक नहीं है। किसान को अपनी फसल बेचने के लिए मंडियों में कई-कई दिनों तक धक्के खाने पड़ रहे हैं। बजरंग गर्ग ने केंद्र सरकार से गेहूं निर्यात पर रोक हटाने की अपील की है। किसान की गेहूं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिकने से किसानों को इसका लाभ मिलेगा। श्री गर्ग ने कहा कि सरकार को किसान की हर फसल मंडी के आढ़तियों के माध्यम से खरीद करके आढ़तियों को 2.5 प्रतिशत पूरी दामी पहले की तरह देनी चाहिए और सरकार को किसान की फसल की खरीद व भुगतान 72 के अंदर-अंदर करनी चाहिए ताकि किसान व आढ़तियों को राहत मिल सके। इस दौरान अनाज मंडी प्रधान राम अवतार गोयल, अनाज मंडी जिला प्रधान पवन गर्ग, मंडी हॉस्पिटल प्रधान अनिल जैन, खल चुरी एसोसिएशन के प्रधान त्रिलोक कंसल, किसान नेता जसवीर सिंह लूदास, सुरेंद्र गोयल, रोहताश जुगलान वाले, अग्रवाल विकास संगठन के जिला महासचिव सत्य प्रकाश आर्य, उप प्रधान मनीराम गोयल, नरेश राजली वाला, राहुल गर्ग, जगदीश बत्रा, रमेश महता, व्यापार मंडल प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल, प्रदेश युवा प्रभारी राहुल गर्ग आदि व्यापारी प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

# जजपा नैना चौटाला का शिव कालोनी में हुआ जोरदार स्वागत



-पाठकपक्ष न्यूज-जजपा नेत्री तथा विधायक श्रीमती नैना चौटाला हिसार की शिव कॉलोनी में पहुंची तो स्थानीय नागरिकों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

# 14 अप्रैल को होगा मां चण्डके देवी का विशाल भव्य जागरण व भंडारा

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 10 अप्रैल :** नवरात्रों के दौरान प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। नवरात्रों के पावन अवसर पर मां चण्डके देवी व अन्य देवी-देवताओं का गुणगान करने के लिए यहां 14 अप्रैल को विशाल भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। 14 अप्रैल को प्रात: विशेष पूजा-अर्चना के उपरांत अटूट भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। रात्रि जागरण में बरवाला के पूजा सांवरिया जागरण ग्रुप के कलाकार व गायक भजनों के माध्यम से आध्यात्मिकता का संचार करेंगे। मां चण्डके देवी सेवा समिति के प्रधान जगदीश तायल, महंत आनंद शास्त्री, सुनील नारंग व बिजेंद्र किनाला ने बताया 14 अप्रैल को विशेष पूजा, अटूट भंडारे व रात्रि जागरण में पंचग्राम के सरपंच, पूर्व सरपंच, नंबरदार व संत-महात्मा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान माता का सुंदर दरबार सजाया जाएगा और अन्य कई झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी।

# पूर्व पार्षद आनंद शर्मा का निधन

-पाठकपक्ष न्यूज-



**हिसार, 10 अप्रैल :** पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद शर्मा का आज निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार आज शाम ऋषि नगर स्थित श्मशान घाट पर किया गया। शहर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।





**Name Change**

I, Neeru W/o Raj Kumar R/o H. No. 93, Village Sulkhani, Distt. Hisar (Haryana) declare that I have changed my name from Nirmla Rani to Neeru for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Sheetal W/o Raman Kumar R/o H. No. 2146, Sector-14, Hisar, Haryana declare that I have changed my name from Sheetal to Sheetal Garg for all future purpose.

- Deponent

muse
a designer's commune
STOCK CLEARANCE
UPTO
80%OFF
DESIGNER BRANDS IN BOUTIQUE PRICES
Add. Muse Multi Designers Store N121 1st Floor Model Town Gurudwara Road(above Lovely Salon) phone No 8222035555

जापानी चौखट व जंगले ऑर्डर पर तैयार किए जाते हैं
हमारे यहां JSW की PREPAINTED 1.5 MM (16 GAUGE) Sheet का प्रयोग किया जाता है, जो निर्माता द्वारा उच्च तकनीक से बनाई जाती है व जंगरोधक होती है।
गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं 94670-50404
JBS ENTERPRISES
सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल के पास, गुरु कृपा धर्मकांटा के पीछे, तोशाम रोड, हिसार


## नवरात्रों पर गीता भवन में रामचरितमानस-प्रवचन का पहला दिन

# भावना से प्रभु निकट और कामना से दूर हो जाते हैं : प्रहलाद मिश्र

-पाठकपक्ष न्यूज-



**हिसार, 10 अप्रैल :** आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा के संस्थापक ब्रह्मलीन डॉक्टर बृज मोहन फिदा जी महाराज के आशीर्वाद से रामपुरा मौहल्ला स्थित गीता भवन में चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष में आज से रामचरितमानस-प्रवचन व संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास श्रीधाम अयोध्या से आये प्रहलाद मिश्र, रामायणी ने प्रवचन देते हुए कहा कि नवरात्रि का पावन पर्व उपासना और ईश्वर आराधना का प्रमुख पर्व माना गया है। ग्रीष्म काल के नवरात्रे भगवान श्रीराम के अवतार से और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं। अवतारवाद में भगवान के अवतरण के अनेक कारण बताये गये हैं। अधर्म अन्याय भ्रष्टाचार आदि को निर्मूल करने के लिये ईश्वर का अनेकानेक रुप में इस धरा धाम पर पावन प्राकट्य होता है। कभी नरसिंह तो कभी बाराह और मत्स्य आदि अनेक रुपों में परमात्मा का अवतार होता है। उन्होंने कहा कि भाव वाले भक्त का भगवान पर भी भार है। हम जो क्रिया करते हैं, उसका इतना महत्व नहीं है, जितना भाव का महत्व होता है। भावना से प्रभु निकट और कामना से दूर हो जाते हैं। हमारा देश शक्ति प्रधान देश माना गया है। शक्ति उपासना के लिये नवरात्रे के दिन विशेष महत्वपूर्ण हैं। सत्संग कीर्तन के दौरान भजन गायक सुमित मित्तल, जितेश राखा लक्की व राधिका शर्मा ने भजनों की वर्षा की। इससे पूर्व मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर कथा व्यास प्रहलाद मिश्र का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। संस्था की प्रधान उषा बक्शी ने बताया कि 16 अप्रैल तक नित्य प्रति सायं 4 से 6:30 बजे तक प्रवचन होंगे। 17 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक भजन संकीर्तन होगा तथा रामायण पाठ का भोग डाला जाएगा। आज की सत्संग सभा में सभा की प्रधान उषा बक्शी, महामंत्री दयानंद बंसल, धर्मबीर, आदेश भुटानी, गंगाधर पाल, नंदलाल धमीजा, कृष्ण शर्मा, कृष्ण नागपाल, सुदर्शन, विजय चावला, ईश्वर सिंगला, रामशरण भुटानी, वीना बंसल, सुरेश नागपाल, स्नेह बंसल, संतोष नागपाल, कृष्णा धमीजा, श्रीमती मदान सहित अनेक श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।




# हिसार मडंल पुलिस ने 27 नशा तस्करों की चार करोड़ से भी अधिक मूल्य की संपत्ति को किया जब्त : एडीजीपी

## नशा तस्करी के 204 आपराधिक मामलों में 293 तस्करों को किया गया है गिरफ्तार

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 अप्रैल :** हिसार मंडल पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस दिशा में अब तक मंडल पुलिस द्वारा 27 नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करके उनकी चार करोड़ से अधिक की संपत्ति को जब्त कर लिया गया है या उनकी चल-अचल सम्पत्ति को फ्रीज करने के आदेश पारित किए गए है। इनमें सबसे अधिक जिला फतेहाबाद के 22 नशा तस्करों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। इन नशा तस्करों की रिहायशी व कृषि योग्य भूमि के साथ-साथ अन्य चल संपत्ति को फ्रीज/जब्त किया जा चुका है, जिसका मूल्य दो करोड़ 69 लाख के करीब है। जबकि पुलिस जिला डबवाली के पांच कुख्यात नशा तस्करों की एक करोड़ 40 लाख से भी अधिक मूल्य की चल- अचल संपत्ति को जब्त किया जा चुका है।

हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ एम. रवि किरण ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस विभाग मंडल में बढ़ रहे नशे के प्रचलन को रोकने के लिए नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहा है। यदि कोई व्यक्ति नशा बेचने या रखने का दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ पुलिस संबंधित अभियोग सख्त कार्यवाही करेगी। इस वर्ष हिसार मंडल पुलिस ने अब तक नशा तस्करी के 204 आपराधिक मामले दर्ज किए है और 293 लोगों को नशा बेचने के अपराध में गिरफ्तार किया है। सबसे अधिक नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाही सिरसा जिला पुलिस द्वारा की गई है जिन्होंने नशा तस्करी के 87 मामले दर्ज करके 123 नशा तस्करों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा है। इसके बाद पुलिस जिला



डबवाली द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ 49 मामले दर्ज किए है और 70 तस्करों को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि जिला फतेहाबाद में नशा तस्करों के खिलाफ 30 मामले दर्ज करके 47 नशा तस्करों को जेल की सलाखों के पीछे डाला जा चुका है। हिसार जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ 19 मामले दर्ज करके 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि जींद पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ 16 मामले दर्ज किये जा चुके है और 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस जिला हांसी ने नशा तस्करों के खिलाफ तीन मामले दर्ज किए है और पांच आरोपियों की गिरफ्तार किया है।

एडीजीपी डॉ एम. रवि किरण ने बताया कि मंडल पुलिस ने पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत 17 मामले दर्ज करके 16 आदतन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है जिनमें सबसे अधिक 10 मामले फतेहाबाद पुलिस द्वारा दर्ज करके नौ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। सिरसा पुलिस ने आदतन अपराधियों के खिलाफ दो मामले दर्ज करके दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। जबकि पुलिस जिला हांसी ने तीन मामले दर्ज करके तीन नशा तस्कर गिरफ्तार किये हैं। पुलिस जिला डबवाली और जींद पुलिस द्वारा पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत एक-एक मामले दर्ज करके एक-एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने कहा कि मंडल पुलिस न सिर्फ नशा तस्करों की धरपकड़ कर रही है इसके साथ-साथ नशे की गिरफ्त में आए लोगों को नशा मुक्त करने की दिशा में भी कार्य कर रही है। इसके लिए ग्रामीण व वार्ड स्तर पर विशेष जागरूकता व नशा मुक्ति शिविर लगाए जा रहे है। अब तक हिसार मंडल में ऐसे 1096 जागरूकता शिविर व 121 नशा मुक्ति शिविर लगाए जा चुके है। इन शिविरों में 2806 नशा ग्रस्त युवकों ने भाग लिया, जबकि 3700 नशा ग्रस्त लोगों की काउंसलिंग की गई है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से 2256 नशा लेने वाले लोगों का उपचार चल रहा है और इनमें से 662 नशा छोड़ने का प्रण ले चुके है।

## गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सूचना

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 अप्रैल (देवेन्द्र उप्पल) :** ''प्रसव से पहले और प्रसव के बाद गर्भवती महिलाओं को कुछ जरूरी सावधानियां बरतनी चाहिएं ताकि जच्चा और बच्चा का स्वास्थ्य अच्छा रहे।'' ये शब्द मन्थन अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञा डॉ. शीतल वर्मा ने पाठकपक्ष चैनल पर बात करते हुए कहे। डॉ. शीतल वर्मा ने बताया कि,'' गर्भवती महिलाओं को अपनी दिनचर्या, आहार व न्यूट्रिशन आदि का विशेष ध्यान रखना चाहिए और समय-समय पर जांच व टैस्ट आदि करवाना चाहिए ताकि अगर शरीर में रक्त की कमी या कोई रोग है तो उसकी चिकित्सा समय रहते की जा सके। इन सबके लिए मन्थन अस्पताल में 14 अप्रैल को गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। कैम्प में थायरायड और खून की



डॉ. शीतल वर्मा

जांच निशुल्क की जाएगी। अल्ट्रासाउन्ड में 30 प्रतिशत छूट दी जाएगी। उस दिन जो महिला इस अस्पताल में प्रसव के लिए पंजीकरण करवाएगी उसे डिलीवरी शुल्क में 30 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। गर्भवती महिलाएं तेज धूप से बचें और शरीर में पानी की कमी न होने दें।

## बृजलाल बहबलपुरिया ने झुग्गी-झोपड़ियों में फल वितरित कर मनाया जन्म दिवस



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 अप्रैल :** पूर्व जिला परिषद चेयरमैन एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बृजलाल बहबलपुरिया ने कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओं के साथ अपना जन्मदिवस बड़ी ही सादगीपूर्ण ढंग से झुग्गी-झोपड़ियों में फल वितरित कर मनाया। उन्होंने बच्चों व अन्य जरूरतमंद लोगों को फल बांटे। इसके अलावा कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर केक काट व बृजलाल बहबलपुरिया को जन्मदिवस की बधाई दी व उनके लंबी आयु व स्वस्थ, सुखी जीवन की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष विजेंद्र कुमार, पूर्व अध्यक्ष संदीप पातड़, मा. रामफल शर्मा प्रमुख समाज सेवी, शमशेर उपाध्यक्ष, सत्यवान किनाला, सतवीर मुवाल, मुकेश दहिया, बलबीर लोरा फौजी, कलीराम, विशाल व रामपाल आदि मौजूद रहे।

## मंगाली में आयोजित रैली में पूर्व सीएम से मिलने जा रहे किसानों को लिया गया हिरासत में : हुड्डा


**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 अप्रैल :** कैमरी गांव में आज पूर्व सीएम खट्टर साहब की रैली थी। रैली में पूर्व सीएम से मिलने किसान मोर्चा के सदस्य पहुंचे जहां उन्होंने उनसे कुछ प्रश्न पूछने थे कि 750 किसान जो शहीद हुए उनके लिए क्या किया, एमएसपी पर गारन्टी कानून बनाने की बात थी उसका क्या किया गया, किसानों की कर्जा मुक्ति के लिए क्या किया गया, रोजगार देने की बात का क्या किया, किसानों के खाते में आने वाले 15-15 लाख कहा गए? दिल्ली जाने के लिए किसानों को क्यों रोका गया, सारे रास्तों पर बैरिकेडिंग क्यों कि गई। इस प्रकार के अन्य बातों के जवाब मांगने गए थे। किसान नेता दिलबाग हुड्डा ने बताया कि जब किसान प्रोग्राम के दौरान खट्टर से मिलने पहुंचे तब वहां भारी पुलिस बल तैनात था। रैली में किसानों को पूर्व सीएम से मिलने से रोका गया और जोर जबर्दस्ती करके पुलिस की बसों में डाला गया, जिसकी हम कड़े शब्दों में निंदा



करते हैं। सदर थाने के अंदर ले जाकर सभी किसानो को बंद कर दिया गया। इनमें शमशेर सिंह, राजीव मलिक, विजय जागलान, रमेश मीरका, सोमवीर और अन्य किसान साथियों को अंदर कर दिया गया है और ठीक इसी प्रकार काफ़ी किसानों को मंगाली चौकी, आजाद नगर चौकी में अंदर बैठाया गया। दिलबाग हुड्डा ने कहा कि पूरा किसान मोर्चा इस तानाशाही रवैया की निंदा करता है और हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

## नगर निगम, प्रशासन, और वक्फ बोर्ड तत्काल ध्यान दें



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 अप्रैल :** मुल्तानी चौक हिसार स्थित यह पुरानी मस्जिद खंडहर बन गई है। इसका मुख्य द्वार कभी भी गिर सकता है और जानमाल की हानि हो सकती है। स्थानीय लोगों ने बताया है कि यहां पुराने जमाने में शिव मंदिर होता था जिस के स्थान पर यहां मस्जिद बनाई गई थी। इस मस्जिद के अंदर लोग रहते हैं, परंतु उन्होंने आने-जाने का रास्ता पिछली गली से बना लिया है। किसी हादसे का इंतजार किए बिना नगर निगम प्रशासन और वक्फ बोर्ड को तुरंत यह क्षतिग्रस्त मुख्य द्वार गिरा देना चाहिए।

## खबर का असर



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 10 अप्रैल :** सेक्टर 16-17 और 13 को जोड़ने वाली सड़क जो की बहुत खस्ता हालत में थी जिसकी पिछले दिनों पाठकपक्ष में न्यूज़ लगाई गई थी। न्यूज़ का असर देखने को मिला विभाग ने यह सड़क फिर से बनवा दी। इस सड़क के बनने से स्थानीय लोगों की परेशानी कम हुई है।

## चेतना की गहराई में संचार करने का नया प्रयास है डायनामिक मेडिटेशन : आचार्या मां उषा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 अप्रैल :** ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा मैत्री संघ हिसार द्वारा कौशिक नगर स्थित ध्यान साधना केंद्र में आचार्या मां उषा ने डायनामिक मैडिटेशन करवाया। उन्होंने बताया कि डायनामिक मेडिटेशन एक प्रकार की ऐसी विधि है जो शारीरिक गतिविधियों, स्थितियों और विशेष अवस्थाओं का ध्यान करती है। यह एक साधारण प्रयास के रुप में देखा जा सकता है, जो शारीरिक संवेदनाओं के




साथ-साथ मानसिक तंतुओं का उपयोग करता है ताकि ध्यान की गहराई को बढ़ावा दिया जा सके।

डायनामिक मेडिटेशन का उद्देश्य शांति, स्थिरता और मानसिक तनाव को कम करना होता है, साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य को सुधारना भी होता है। ध्यान के बाद ओशोधारा हरियाणा के संयोजक आचार्य सुभाष ने हमारे जीवन ध्यान के महत्व पर विस्तार से बताते हुए ओशोधारा के कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की। ओशोधारा के साधना केंद्र कौशिक नगर हिसार पर हर रविवार सुबह 7 से 9 बजे तक ध्यान का सेशन सभी के लिए निःशुल्क है।




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in

कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)

किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।







